**NEWS CLIPPING: 13.06.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# NIRF ने 2020 की रैंकिंग जारी की, देश के शीर्ष 120 इंजीनियरिंग संस्थानों में शामिल हुई जेसी बोस यूनिवर्सिटी

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद**

**अच्छी खबर**

**जेसी बोस यूनिवर्सिटी** ने एक बार फिर से हरियाणा में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। नैशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) की तरफ से 2020 की नवीनतम रैंकिंग जारी की गई है। इसमें जेसी बोस यूनिवर्सिटी को हरियाणा के सरकारी यूनिवर्सिटी व संस्थानों में सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि यह एकमात्र सरकारी तकनीकी यूनिवर्सिटी है, जिसने एनआईआरएफ रैंकिंग में देश के शीर्ष 120 इंजीनियरिंग संस्थानों में अपना स्थान बनाया है। रैंकिंग की इंजीनियरिंग श्रेणी में देशभर से 1071 इंजीनियरिंग संस्थानों ने हिस्सा लिया था। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने गुरुवार को जो रैंकिंग जारी की उसमें जेसी बोस को 120वां स्थान मिला है। 2019 में यूनिवर्सिटी की रैंकिंग 144 थी। अब यह देश के प्रमुख संस्थानों की लीग में शामिल हो गई है। हरियाणा के किसी अन्य सरकारी यूनिवर्सिटी व संस्थान को इंजीनियरिंग श्रेणी में शीर्ष 150 में जगह नहीं मिली है। गुरु जंभेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी हिसार इस श्रेणी में 195वें स्थान पर रही है।

यूनिवर्सिटी ने इस साल पहली बार एनआईआरएफ रैंकिंग में प्रबंधन श्रेणी में भाग लिया और रैंक-बैंड 76-100 में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। दिनेश कमार ने यूनिवर्सिटी को राज्य के श्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थान के रूप में रैंकिंग मिलने पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों, छात्रों व कर्मचारियों को बधाई दी।




- रैंकिंग की इंजीनियरिंग श्रेणी में देशभर से 1071 इंजीनियरिंग संस्थानों ने हिस्सा लिया था
- 2019 में यूनिवर्सिटी की रैंकिंग 144 थी
- प्रदेश के किसी अन्य सरकारी यूनिवर्सिटी व संस्थान को इंजीनियरिंग श्रेणी में शीर्ष 150 में जगह नहीं मिली
- गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी हिसार इस श्रेणी में 195वें स्थान पर रही

"यूनिवर्सिटी ने सुधार में निरंतरता दिखाई है और लगातार चौथे साल इंजीनियरिंग श्रेणी में एनआईआरएफ रैंकिंग में अपना स्थान सुरक्षित किया है। आने वाले सालों में हम इस रैंकिंग में और भी सुधार लाने का प्रयास करेंगे।

**- प्रोफेसर दिनेश कुमार, कुलपति**

### ये खूबियां होनी चाहिए

एनआईआरएफ रैंकिंग संस्थानों को टीचिंग लर्निंग एंड रिसोर्सेज, रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रैक्टिस, ग्रेजुएशन आउटकम, आउटरीच एंड इंक्ल्यूसिविटी, परसेप्शन के आधार पर दी जाती है। स्टूडेंट्स व फैकल्टी अनुपात, छात्रों को कराई जाने वाली एक्टिविटी, कितने शोध पेटेंट हुए हैं, पब्लिकेशन, प्लेसमेंट, एडमिशन की रैंकिंग, दिव्यांगों के लिए सुविधा आदि मानकों के अलावा बहुत से मानकों को परखा जाता है।

### खास बात

एनआईआरएफ रैंकिंग 2020 की घोषणा अप्रैल में होनी थी लेकिन कोरोना वायरस संक्रमण और लॉकडाउन के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था।

### यह भी जानिए

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से हर वर्ष नैशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) रैंकिंग जारी की जाती है। देश के विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मैनेजमेन्ट और फार्मेसी संस्थानों की रैंकिंग के लिए एनआईआरएफ संस्था बनाई गई है। इससे पूर्व रैंकिंग के लिए कोई सरकारी संस्था नहीं थी। प्राइवेट संस्थाएं रैंकिंग जारी करती थीं, जिस पर तरह-तरह के सवाल उठते थे।

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 13.06.2020**

## THE PIONEER

# शीर्ष 120 इंजीनियरिंग संस्थानों में जेसी बोस शामिल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**वाईएमसीए** चौक स्थित जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एक बार फिर से हरियाणा में तकनीकी शिक्षा में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2020 द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्वविद्यालय को हरियाणा के राजकीय विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है।

जेसी बोस विश्वविद्यालय एकमात्र सरकारी तकनीकी विश्वविद्यालय है, जिसने एनआईआरएफ रैंकिंग में देश के शीर्ष 120 इंजीनियरिंग संस्थानों में अपना स्थान बनाया है। रैंकिंग की इंजीनियरिंग श्रेणी में देशभर से 1071 इंजीनियरिंग संस्थानों ने हिस्सा लिया था। साथ ही, विश्वविद्यालय ने देश के शीर्ष 100 प्रबंधन संस्थानों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क रैंकिंग सूची में जेसी बोस विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग श्रेणी में 120वां स्थान प्राप्त किया है। इस प्रकार, विश्वविद्यालय ने इस वर्ष अपनी रैंकिंग में सुधार किया है, जोकि वर्ष 2019 में 144 थी। इस सूची में शामिल सरकारी संस्थानों में केंद्र सरकार द्वारा संचालित एनआईटी कुरुक्षेत्र ही शीर्ष 120 संस्थानों की सूची में शामिल हैं। इस प्रकार, विश्वविद्यालय देश के प्रमुख संस्थानों की लीग में शामिल हो गया है। हरियाणा के किसी अन्य सरकारी विश्वविद्यालय या संस्थान ने इंजीनियरिंग श्रेणी में शीर्ष 150 में अपनी उपस्थिति नहीं बनाई है। हालांकि, गुरु जंभेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार इस श्रेणी में 195वें स्थान पर रहा है।

इस वर्ष, विश्वविद्यालय ने पहली बार एनआईआरएफ रैंकिंग में प्रबंधन श्रेणी में भाग लिया और रैंक-बैंड 76-100 में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जो प्रबंधन श्रेणी में स्थान पाने वाला राज्य सरकार का एकमात्र संस्थान है। हालाँकि, प्रबंधन श्रेणी में, केंद्र सरकार के आधीन आईआईएम, रोहतक 21 वें स्थान पर है। इसके अलावा, हरियाणा के दो अन्य निजी संस्थानों को भी 75वें स्थान पर रखा गया है। देश के कुल 630 प्रतिभागी संस्थानों की सूची में हरियाणा का कोई अन्य सरकारी विश्वविद्यालय या संस्थान शीर्ष 100 में अपनी जगह नहीं बना पाया है।

कुलपति प्रो। दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय को राज्य के श्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थान के रूप में रैंकिंग मिलने पर प्रसन्नता जताई है और एनआरआईएफ-2020 में विश्वविद्यालय के प्रदर्शन के लिए संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों को बधाई दी है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ने सुधार में निरंतरता दिखाई है और यह लगातार चौथा वर्ष है जब विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग श्रेणी में एनआईआरएफ रैंकिंग में अपना स्थान सुरक्षित किया है और रैंकिंग में सुधार किया है।

यह भी काफी उत्साहजनक है कि विश्वविद्यालय ने देश में सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन संस्थानों के बीच प्रबंधन श्रेणी में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता व अनुसंधान को लेकर निरंतर कार्य कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप आगामी वर्षों में विश्वविद्यालय बेहतर परिणाम लाने में सफल होगा। इस उपलब्धि पर कुलसचिव डॉ एस. के. गर्ग ने भी विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों बधाई दी है।

**NEWS CLIPPING: 13.06.2020**

## PUNJAB KESARI

# शीर्ष 120 इंजीनियरिंग संस्थानों में शामिल हुआ जेसी बोस विश्वविद्यालय

**■ विश्वविद्यालय ने पहली बार देश के शीर्ष 100 प्रबंधन संस्थानों में जगह बनाई**




फरीदाबाद, 12 जून (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने एक बार फिर से हरियाणा में तकनीकी शिक्षा में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2020 द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्वविद्यालय को हरियाणा के राजकीय विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। जे.सी. बोस विश्वविद्यालय एकमात्र सरकारी तकनीकी विश्वविद्यालय है, जिसने एनआईआरएफ रैंकिंग में देश के शीर्ष 120 इंजीनियरिंग संस्थानों में अपना स्थान बनाया है। रैंकिंग की इंजीनियरिंग श्रेणी में देशभर से 1071 इंजीनियरिंग संस्थानों ने हिस्सा लिया था। साथ ही, विश्वविद्यालय ने देश के शीर्ष 100 प्रबंधन संस्थानों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क रैंकिंग सूची में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग श्रेणी में 120वां स्थान प्राप्त किया है। इस प्रकार, विश्वविद्यालय ने इस वर्ष अपनी रैंकिंग में सुधार किया है, जोकि वर्ष 2019 में 144 थी। इस सूची में शामिल सरकारी संस्थानों में केंद्र सरकार द्वारा संचालित एनआईटी कुरुक्षेत्र ही शीर्ष 120 संस्थानों की सूची में शामिल हैं। इस प्रकार, विश्वविद्यालय देश के प्रमुख संस्थानों की लीग में शामिल हो गया है। हरियाणा के किसी अन्य सरकारी विश्वविद्यालय या संस्थान ने इंजीनियरिंग श्रेणी में शीर्ष 150 में अपनी उपस्थिति नहीं बनाई है। हालांकि, गुरु जंभेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार इस श्रेणी में 195वें स्थान पर रहा है। इस वर्ष, विश्वविद्यालय ने पहली बार एनआईआरएफ रैंकिंग में प्रबंधन श्रेणी में भाग लिया और रैंक-बैंड 76-100 में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जो प्रबंधन श्रेणी में स्थान पाने वाला राज्य सरकार का एकमात्र संस्थान है। हालाँकि, प्रबंधन श्रेणी में, केंद्र सरकार के आधीन आईआईएम, रोहतक 21 वें स्थान पर है। इसके अलावा, हरियाणा के दो अन्य निजी संस्थानों को भी 75वें स्थान पर रखा गया है। देश के कुल 630 प्रतिभागी संस्थानों की सूची में हरियाणा का कोई अन्य सरकारी विश्वविद्यालय या संस्थान शीर्ष 100 में अपनी जगह नहीं बना पाया है। कुलपति प्रो। दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय को राज्य के श्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थान के रूप में रैंकिंग मिलने पर प्रसन्नता जताई है और एनआरआईएफ-2020 में विश्वविद्यालय के प्रदर्शन के लिए संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों को बधाई दी है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ने सुधार में निरंतरता दिखाई है और यह लगातार चौथा वर्ष है जब विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग श्रेणी में एनआईआरएफ रैंकिंग में अपना स्थान सुरक्षित किया है और रैंकिंग में सुधार किया है। यह भी काफी उत्साहजनक है कि विश्वविद्यालय ने देश में सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन संस्थानों के बीच प्रबंधन श्रेणी में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता व अनुसंधान को लेकर निरंतर कार्य कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप आगामी वर्षों में विश्वविद्यालय बेहतर परिणाम लाने में सफल होगा। इस उपलब्धि पर कुलसचिव डॉ एस. के. गर्ग ने भी विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि देश में विभिन्न विश्वविद्यालयों व उच्च शिक्षा के संस्थानों को रैंकिंग देने के लिए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क की शुरूआत की गई है, जिसमें अकादमिक, तकनीकी व अनुसंधान संस्थानों को विभिन्न मानदंडों के आधार पर परखा जाता है।

**शीर्ष 120 इंजीनियरिंग संस्थानों में हरियाणा से एकमात्र तकनीकी विश्वविद्यालय**

पंजाब केसरी ई-पेपर Sat, 13 June 2020
Edition: faridabad kesari, Page no. 3

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 13.06.2020**

## AMAR UJALA

# इंजीनियरिंग संस्थानों में जेसी बोस को देश में 120वां स्थान

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने एक बार फिर से हरियाणा में तकनीकी शिक्षा में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2020 द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्वविद्यालय को हरियाणा के राजकीय विश्वविद्यालयों और संस्थानों में सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। जेसी बोस विवि प्रदेश में एकमात्र सरकारी तकनीकी विश्वविद्यालय है, जिसने एनआईआरएफ रैंकिंग में देश के शीर्ष 120 इंजीनियरिंग संस्थानों में अपना स्थान बनाया है। रैंकिंग की इंजीनियरिंग श्रेणी में देशभर से 1071 इंजीनियरिंग संस्थानों ने हिस्सा लिया था। इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने देश के शीर्ष 100 प्रबंधन संस्थानों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा बृहस्पतिवार को जारी नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क रैंकिंग सूची में विवि को इंजीनियरिंग श्रेणी में 120वां स्थान प्राप्त किया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि विवि ने इस वर्ष अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। वर्ष 2019 में विवि को 144वीं रैंक मिली थी। इस उपलब्धि पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने कर्मचारियों को बधाई दी। ब्यूरो

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 13.06.2020**

## DAINIK BHASKAR

# देश के शीर्ष 120 इंजीनियरिंग संस्थानों में शामिल हुआ जेसी बोस विश्वविद्यालय

## एनआईआरएफ रैंकिंग में लगातार चौथी बार जगह बनाई

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एक बार फिर से हरियाणा में तकनीकी शिक्षा में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2020 द्वारा जारी रैंकिंग में विश्वविद्यालय को हरियाणा के राजकीय विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। जेसी बोस विश्वविद्यालय एकमात्र सरकारी तकनीकी विश्वविद्यालय है, जिसने एनआईआरएफ रैंकिंग में देश के शीर्ष 120 इंजीनियरिंग संस्थानों में अपना स्थान बनाया है। रैंकिंग की इंजीनियरिंग श्रेणी में देशभर से 1071 इंजीनियरिंग संस्थानों ने हिस्सा लिया था। साथ ही विश्वविद्यालय ने देश के शीर्ष 100 प्रबंधन संस्थानों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क रैंकिंग सूची में जेसी बोस विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग श्रेणी में 120वां स्थान प्राप्त किया है। इस प्रकार विश्वविद्यालय ने इस वर्ष अपनी रैंकिंग में सुधार किया है, जो वर्ष 2019 में 144 थी। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय को राज्य के श्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थान के रूप में रैंकिंग मिलने पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय ने सुधार में निरंतरता दिखाई है और यह लगातार चौथा वर्ष है जब विश्वविद्यालय ने इंजीनियरिंग श्रेणी में एनआईआरएफ रैंकिंग में अपना स्थान सुरक्षित किया है और रैंकिंग में सुधार किया है।